

टॉप-5 लिस्ट में केएल राहुल इकलौते भारतीय

सबसे अधिक छक्के लगाने की टॉप-5 लिस्ट में केएल राहुल इकलौते भारतीय हैं। उनके नाम 25 छक्के हैं, जबकि लियाम ने 34, आंद्रे रसेल ने 32 और रोवमैन पॉवेल ने 22 छक्के उड़ाए हैं।

## टूट गया पिछले 14 सीजन का महारिकॉर्ड, फिर भी फैंस!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सीजन में बल्लेबाज कहीं अधिक आक्रामक बैटिंग करते नजर आए हैं। यही वजह है कि टूर्नामेंट में खूब छक्के की बौछार हुई है। अब तक सीजन में 1001 छक्के लग चुके हैं, जबकि 4 मुकाबले अभी भी बाकी है। यह आंकड़ा किसी भी एक सीजन में लगाए छक्के से कहीं अधिक है। यह पहला मौका है, जब छक्के ने 1000 का आंकड़ा पार किया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स के लियाम लिविंगस्टोन ने टूर्नामेंट का 1000वां छक्का लगाया। रोचक बात यह है कि टूर्नामेंट में सबसे बड़ा छक्का भी उन्हीं के नाम है। लियाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 117 मीटर का मॉन्स्टर छक्का जड़ा था। दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ ओपनर जोस बटलर ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक 37 छक्के उड़ाए हैं। उनके पास छक्कों का अर्धशतक पूरा करने का मौका भी है। हालांकि, इसके बावजूद भारतीय फैंस निराश होंगे।

# श्रीलंका के बल्लेबाज को अचानक उठा सीने में दर्द

क्रिकेट

## कुसल मेंडिस को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बांग्लादेश। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मीरपुर में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद श्रीलंका के क्रिकेटर कुसल मेंडिस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया पर 27 वर्षीय क्रिकेटर के मैदान छोड़ने की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। लंच से कुछ देर पहले 23वें ओवर में खिलाड़ी को मैदान के बाहर मदद की गई। बताया जा रहा है कि वह स्लिप पर फील्डिंग कर रहे थे तभी उन्हें सीने में संभावित दर्द की वजह से परेशानी हो रही थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

कहा जा रहा है कि यह सिर्फ मांसपेशियों में दर्द है। इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने सोमवार को ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का



फैसला किया। बांग्लादेश ने चटगांव में ड्रॉ हुए पहले टेस्ट से दो बदलाव किए। मोसादेक हुसैन और एबादोट हुसैन ने घायल नईम हसन और शोरफुल इस्लाम की जगह ली।

**लंच तक ऐसा रहा खेलः** दूसरी ओर, कासुन रजिता की तूफानी गेंदबाजी से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन लंच तक बांग्लादेश के पांच विकेट चटकाकर अपना पलड़ा भारी रखा। पहले मैच में कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) सब्सिट्यूट खिलाड़ी के रूप में खेलने वाले रजिता ने 15 रन देकर तीन जबकि असिथा फर्नांडो ने 26 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका ने लंच तक बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 66रन कर दिया। ब्रेक के समय लिटन दास 26 जबकि पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले मुशफिकुर रहीम 22 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 42 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर चुके हैं। रजिता ने मैच की दूसरी ही गेंद पर महमूदुल हसन जॉय (00) को बोल्ड किया जबकि फर्नांडो ने दूसरे सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल (00) को प्रवीण जयविक्रम के हाथों कैच कराके बांग्लादेश का स्कोर दूसरे ओवर में दो विकेट पर छह रन किया।

बांग्लादेश के कप्तान मोमीनुल हक एक बार फिर नाकाम रहे और नौ रन बनाने के बाद छठे ओवर में फर्नांडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे। रजिता ने अगले ओवर में नजमुल हुसैन (08) और अनुभवी शाकिब अल हसन (00) को लगातार गेंदों पर आउट करके बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 24 रन किया।

# कोलकाता में तूफान से भारी तबाही, सौरव गांगुली ने किया ईडेन का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सीजन का क्वॉलिफायर-1 गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच 24 मई को कोलकाता के ऐतिहासिक स्टेडियम ईडन गार्डंस होना है। इस मुकाबले से ठीक पहले पश्चिम बंगाल में तूफान ने भारी तबाही मचाई है। बताया जा रहा है कि कई लोग घायल हुए हैं, जबकि स्टेडियम को भी नुकसान पर पहुंचा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो स्टेडियम के प्रेस बॉक्स का सीसा चकनाचूर हो गया है, जबकि कुछ होर्डिंग भी टूट गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सौरव गांगुली ने स्टेडियम का दौरा किया था। उन्होंने पूरा जायजा लिया है।



अगर ऐसा ही माहौल रहा तो यहां प्लेऑफ होना मुश्किल है।

**ऐसा है प्लेऑफ का शेड्यूल**

पहला क्वॉलिफायर गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच 24 मई को खेला जाएगा। एलिमिनेटर पॉइंट्स टेबल की तीसरे और चौथे नंबर की टीमें लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच 25 मई को होगा। ये दोनों ही मुकाबले कोलकाता के ऐतिहासिक मैदान ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। पहले क्वॉलिफायर की विनिंग टीम को फाइनल का टिकट मिल जाएगा, जबकि हारी हुई टीम एलिमिनेटर की विनर के साथ दूसरा क्वॉलिफायर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 27 मई को खेलेगी। इस मैच की विनर को फाइनल में एंट्री मिलेगी, जो 29 मई को होना है।

## कपिल देव ने इस राजनीतिक पार्टी से जुड़ने को लेकर दिया बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के महानतम कप्तानों में शुमार विश्व कप चैंपियन कपिल देव के राजनीति में आने की बातें इस वक्त सामने आ रही है। मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक वह आम आदमी पार्टी से जुड़ने वाले हैं। इन खबरों के लेकर कपिल के पूछा गया तो उन्होंने इसे सरासर कोरी अफवाह बताया। उनका कहना था कि ऐसा कोई भी इरादा उनका नहीं है।

कपिल ने किसी भी पार्टी में जाने की खबरों से इनकार करते हुए बताया, मुझे अपने बारे में राजनीतिक पार्टी में शामिल होने की खबरें सुनने को मिल रही है। यह बात एक दम से असत्य है। मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़ा हुआ नहीं हूं।

कपिल ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए लिखा, "मैं इस बात को लेकर बहुत ही ज्यादा निराश हूं कि लोग इस तरह से झूठी खबरें फैला रहे हैं। अगर जो मुझे कभी भी ऐसा बड़ा कदम उठाना होता तो मैंने इस बात की घोषणा सभी के बीच जाकर की होती।

## न्यूज डायरी




### देसी क्लब के लिए ठुकरा दिया लाखों डॉलर का विदेशी ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अर्जेंटीना। अर्जेंटीना के दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी बार्सिलोना फुटबॉल क्लब के लिए लंबे समय तक खेले। दुनिया के दिग्गज क्लबों ने उनके लिए हमेशा मुंह मांगी कीमत पर टीम में शामिल करने के विकल्प खोल रखे थे। बावजूद इसके उन्होंने आखिरी दम तक कोशिश की कि क्लब से उनकी डील हो जाए, लेकिन ला लिगा के कुछ नियमों की वजह से यह हो नहीं सकी। मेसी को नम आंखों से बार्सिलोना छोड़ना पड़ा। कुछ ऐसा ही देखने को मिला फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे के साथ। इस 23 वर्षीय युवा फुटबॉलर ने रियल मैड्रिड की भारी भरकम पेशकश ठुकराकर अपने घरेलू क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ तीन साल का नया करार किया है। इसका जश्न उन्होंने फ्रांसीसी लीग में हैट्रिक जमाकर मनाया। पीएसजी की अपने घरेलू मैदान पार्क डेस प्रिंस में खेले गए मैच में मेट्ज के खिलाफ 5-0 की जीत से पहले फ्रांस के विश्व कप विजेता स्टार ने प्रशंसकों को संबोधित किया।

### धवन बाहर, संजू-राहुल त्रिपाठी भी दरकिनार, टीम चयन के फैसलों ने चौंकाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज और इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान किया। टी-20 सीरीज में कई युवाओं को मौका मिला है। आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स को पुरस्कृत किया गया, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे भी रहे जिनकी किस्मत ने साथ नहीं दिया। या यूं कहे कि उन्हें नजरअंदाज ही कर दिया गया। जैसी उम्मीद थी वैसा ही हुआ। जम्मू कश्मीर के तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक टीम इंडिया में चुन लिए गए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 9 जून से शुरू होने वाली पांच मैच की घरेलू टी-20 सीरीज के लिए रविवार को टीम इंडिया घोषित हुई। उमरान के अलावा पंजाब किंग्स के डेथ ओवर्स स्पेशलिस्ट अर्शदीप सिंह भी पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुने गए। रोहित विराट-बुमराह सरीखे सीनियर्स को आराम दिया गया। हार्दिक पंड्या-दिनेश कार्तिक की लंबे समय बाद वापसी हुई, लेकिन इन सब के बीच कुछ फैसले ऐसे भी रहे, जिसने दुनियाभर के क्रिकेट फैंस को हैरान कर दिया।

### शिखर धवन ने आइपीएल में रचा इतिहास, बना डाला चौकों का नया रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के सभी लीग मुकाबले खत्म हो चुके हैं। अब प्लेआफ में पहुंची टाप चार टीमों के बीच ट्राफी जीतने की जंग होगी। आखिरी मैच में पंजाब की टीम ने हैदराबाद के खिलाफ 5 विकेट की दमदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में पंजाब के ओपनर शिखर धवन ने नया कीर्तिमान बनाते हुए खास उपलब्धि हासिल की। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 157 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में पंजाब की टीम ने 15.1 ओवर में महज 5 विकेट गंवाते हुए जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में धवन ने 39 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के अपने ही रिकार्ड को आगे बढ़ाया।

### प्लेआफ से पहले केएल राहुल के सामने बड़ी परेशानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में लीग स्टेज के सभी मुकाबले खत्म हो चुके हैं। अब प्लेआफ में चार टीमें खेलने उतरेंगी जिसमें से एलिमिनेटर में खेलने वाली लखनऊ और बैंगलोर के लिए मुकाबला करो या मरो का होगा। राजस्थान और गुजरात की टीमों के पास क्वालीफायर में हार के बाद भी फाइनल में जाने का एक मौका होगा। लखनऊ की टीम के सामने एक बड़ी मुश्किल है जो उसके फाइनल की राह में रोड़ा बन सकती है। इस सीजन में पहली बार खेलने उतरी लखनऊ और गुजरात की टीमों ने लीग मुकाबलों में दमदार खेल दिखाते हुए अंतिम चार में जगह बनाई।